उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः– 217/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 01 नवम्बर, 2023

विज्ञप्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 एवं विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 13 अप्रैल, 2022 को घोषित किया गया, जिसमें सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 04 मई, 2022 तक प्राप्त किये गये अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में **असिस्टेंट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान (Zoology)** विषय के लिए अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूचना से संबंधित सूचियों को आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित किया गया है। अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता की सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में **दिनांक 16.11.2023 (बृहस्पतिवार) के सांय 06:00 बजे** तक प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उक्त अन्तिम तिथि 16.11.2023 के पश्चात अभ्यर्थियों के इस विषय में प्राप्त किसी भी अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-SD-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।